ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-10-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-10-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-10-18	2023-10-19	2023-10-20	2023-10-21	2023-10-22
वर्षा (मिमी)	2.0	0.0	0.0	0.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	31.0	31.0	32.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	21.0	19.0	19.0	19.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	62	46	30	32	35
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	27	22	21	19	18
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12	8	9	12	12
पवन दिशा (डिग्री)	34	98	172	248	285
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	0	3	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 31.0 से 34.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 19.0 से 21.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई सरक्षित नमी में सरसों व चने की बुवाई हेतु खेत तैयार करें। खेत की जुताई करने के तुरंत बाद पाटा अवश्य लगाएं ताकि मिट्टी से नमी का ह्रास न हो। दीमक व अन्य कीडो की रोकथाम के लिए बुवाई से पूर्व अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर खेत में डालें।

लघु संदेश सलाहकार:

18 और 22 अक्टूबर को हल्की वर्षा की सम्भावना को देखतें हुएं कटाई की हुइ फसल को ढेर बनाकर तिरपाल से ढक कर रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	किसान भाई चने की उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी 44, जी.एन.जी 663 वरदान, जी.एन.जी 2144 तीज, जी.एन.जी 2171 मीरा, जी.एन.जी 1488 संगम एंव आर.एस.जी 896 की बुवाई करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। अंतिम जुताई के समय 20 किलो नत्रजन व 25 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के समय दें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।
सरसों	किसान भाई सरसों/राया की उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की बुवाई करें।
सरसों	सरसों/राया में अंतिम जुताई के समय 30 किलोग्राम नत्रजन तथा 35 किलोग्राम फॉस्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दे। बीज को 30 सेंटीमीटर (कतार से कतार) तथा 10 सेंटीमीटर (पौधा से पौधा) की दूरी पर बोएं| बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल की बुवाई का समय अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवंबर के पहले सप्ताह तक है। बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। RMT-I व RMT-305 उन्नत किस्में है।
प्याज	प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में गलघोंटू (H.S) व ठप्पा रोग (B.Q) के फैलने की संभावना अत्यधिक रहती है। अतः समय रहते इनके टीके अवश्य लगवाएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	फूलगोभी, पतागोभी, टमाटर तथा बैंगन की नर्सरी तैयार करें। सीधी बुवाई वाली सब्जियों पालक, धनिया, गाजर, मटर और मूली के लिये खेत तैयार करें तथा बीज की व्यवस्था करें।